देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 23.01.2026
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रदेश में चारों धाम सहित ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी। निचले हिस्सों में बारिश। ठंड में हुआ इजाफा।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा – वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए उत्तराखण्ड को भी अपने संसाधनों और क्षमताओं के अनुरूप विकास की एक स्पष्ट दिशा तय करनी होगी।
- बदरीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल को खोले जाएंगे। गाडू घड़ा– तेल कलश यात्रा सात अप्रैल से शुरू होगी।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय के छठे दीक्षांत समारोह में छात्रों को उपाधियां और स्वर्ण पदक प्रदान किए।

..........

**मौसम**

प्रदेश में चारों धाम सहित अन्य ऊंची चोटियों पर हिमपात और निचले इलाकों में बारिश होने से ठंड बढ़ गई है। चमोली जिले में बदरीनाथ, औली, नीति घाटी और माणा सहित ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ताजा हिमपात हुआ है। रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ धाम, त्रियुगीनारायण और अन्य ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हुई है। उत्तरकाशी जिले के गंगोत्री और यमुनोत्री धाम सहत हर्षिल घाटी में बर्फबारी हुई। पहाड़ों की रानी मसूरी और टिहरी जिले के धनौल्टी में ताजा हिमपात होने से पहाड़ों पर सफेद चादर बिछ गई है। इसके अलावा सुरकंडा देवी, कद्दूखाल और नाग टिब्बा में हल्की से मध्यम बर्फबारी हुई, जिससे तापमान में गिरावट आई है। बागेश्वर जिले के ऊँचाई वाले इलाकों में सीजन की पहली बर्फबारी के बाद कड़ाके की ठंड पड़ रही है। उधर, देहरादून जिले के चकराता क्षेत्र के लोखंडी सहित अन्य ऊंचाइ वाले इलाकों में भी साल की पहली बर्फबारी हुई। जबकि राजधानी सहित प्रदेश के कई हिस्सों में सुबह से ही रुक–रुक कर बारिश हुई। लम्बे समय बाद बर्फबारी और बारिश से जहां किसानों और बागवानों को राहत मिली है। वहीं, पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों में भी उत्साह देखा जा रहा है। इस बीच, मौसम विभाग ने प्रदेश के पर्वतीय जिलों के अधिकांश स्थानों पर दो हजार तीन सौ मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई है। मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए संबंधित विभाग अलर्ट मोड पर हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को पूरी तरह विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प तभी साकार हो सकता है, जब देश का प्रत्येक राज्य समान रूप से विकसित हो। उन्होंने कहा कि इसके लिए उत्तराखण्ड को भी अपने संसाधनों, क्षमताओं और विशिष्टताओं के अनुरूप विकास की एक स्पष्ट और दीर्घकालिक दिशा तय करनी होगी। श्री धामी आज देहरादून में आयोजित चिन्तन शिविर एवं डॉयलाग ऑन विजन–2047 में राज्य के प्रशासनिक अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विश्वगुरु बनाने का लक्ष्य केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं, बल्कि मानव–केंद्रित, समावेशी और सतत विकास की मजबूत नींव पर आधारित होना चाहिए।

**मुख्य सचिव**

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में उत्तर रेलवे मुरादाबाद में मण्डल रेल प्रबन्धक विनीता श्रीवास्तव के साथ आज देहरादून में एक बैठक हुई। बैठक में उत्तर रेलवे से संबंधित प्रकरणों और परियोजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान मुख्य सचिव ने ऋषिकेश– डोईवाला बाईपास रेलवे लाईन परियोजना के तहत देहरादून के जिलाधिकारी को राजाजी राष्ट्रीय पार्क और वन विभाग की करीब चार हेक्टेयर वन भूमि को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर संयुक्त सर्वेक्षण कराते हुए निरीक्षण आख्या शासन को उपलब्ध कराने निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने देहरादून–मोहण्ड–सहारनपुर टनल आधारित रेलवे लाईन परियोजना का फाईनल लोकेशन सर्वे कराते हुए अद्यतन स्थिति से शीघ्र अवगत कराने की बात कही। मुख्य सचिव ने रेलवे को हर्रावाला रेलवे स्टेशन विस्तारीकरण का मास्टर प्लान को भी शासन से साझा करने को कहा। उन्होंने कहा कि रेलवे और जिला प्रशासन संयुक्त सर्वे करते हुए शीघ्र ही निरीक्षण आख्या शासन को उपलब्ध कराए। मुख्य सचिव ने कुम्भ मेला– 2027 के दृष्टिगत रेलवे अधिकारियों को हरिद्वार जिला प्रशासन और राजकीय रेलवे पुलिस को मिलकर संयुक्त रूप से यातायात प्लान तैयार करने के भी निर्देश दिए।

**बदरीनाथ कपाट**

बदरीनाथ धाम के कपाट इस वर्ष 23 अप्रैल को सुबह 6 बजकर 15 मिनट पर श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले जाएंगे। वहीं गाडू घड़ा तेल कलश यात्रा सात अप्रैल से प्रारंभ होगी। आज वसंत पंचमी के अवसर पर नरेन्द्रनगर स्थित राजदरबार में आयोजित एक धार्मिक समारोह में महाराजा मनुजयेंद्र शाह की उपस्थिति में पूजा–अर्चना और पंचांग गणना के बाद राजपुरोहित आचार्य कृष्ण प्रसाद उनियाल ने कपाट खुलने की तिथि घोषित की। साथ ही गाडू घड़ा–तेल कलश यात्रा की तिथि भी तय की गई। इस दौरान डिमरी धार्मिक केंद्रीय पंचायत के प्रतिनिधियों ने गाडू घड़ा यानी तेल कलश, राजमहल को सौंपा। आचार्य कृष्ण प्रसाद उनियाल ने बदरीनाथ धाम के कपाट खोले जाने की विधिवत जानकारी दी।

बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने बताया कि कपाट खुलने की तिथि तय होते ही आगामी चारधाम यात्रा की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। वहीं, चमोली जिले में स्थित चतुर्थ केदार भगवान रुद्रनाथ मंदिर के कपाट 18 मई को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे

**राज्यपाल/दीक्षांत समारोह**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय के छठे दीक्षांत समारोह में उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों को उपाधियां और सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए। पंडित ललित मोहन शर्मा परिसर, ऋषिकेश में आयोजित दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने उत्कृष्ट सेवाएं दे रहे शिक्षकों को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने परिसर में अतिथि गृह, टाइप–5 आवास और बहुउद्देशीय भवन का भी लोकार्पण किया। राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त की, कि विश्वविद्यालय के 21 हजार 664 विद्यार्थियों ने आज डिग्री प्राप्त की है और वे सभी राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सहभागी बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी युवा और अमृत पीढ़ी भारत के वर्ष 2047 के विकसित राष्ट्र के लक्ष्य को साकार करने में निर्णायक भूमिका निभाएगी। राज्यपाल ने विद्यार्थियों का आह्वान किया डिग्री प्राप्त करने के बाद वे केवल नौकरी खोजने वाले न बनें, बल्कि रोजगार सृजक, उद्यमी और नवाचार कर्ता बनें।

**वसंत पंचमी**

प्रदेश में आज वसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कई स्थानों पर मां सरस्वती का पूजन–अर्चन किया गया। हरिद्वार जिले के आश्रम और अखाड़ों में भी वसंत पंचमी का पर्व उल्लास के साथ मनाया गया। कई आश्रमों में यज्ञोपवीत संस्कार किए गए। वहीं, वसंत पंचमी पर हरिद्वार में हर की पैड़ी सहित पर विभिन्न गंगा घाटों में स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। बारिश और ठंड के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया।

वसंत पंचमी पर गंगा तटों पर लोग पीले वस्त्र धारण किए भी नजर आए।